महापौर नीरज पाल ने ली अधिकारियों की बैठक, विकास कार्यों में लेटलतीफी पर जताई नाराजगी

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक महापौर नीरज पाल ने लिया , विकास कार्यों में लेटलतीफी को लेकर बैठक में महापौर ने अधिकारियों से कहा कि जनता को मिलने वाली सुविधाओं में लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। अधिकारी फील्ड में पहुंचे और समय सीमा में कार्य पूर्ण कराए। जोन 03 मदर टैरेसा नगर एवं जोन 04 खुर्सीपार में स्वीकृति प्राप्त प्रगतिरत कार्य , अप्रारंभ कार्यो की समीक्षा बैठक लिए जिसमें दोनो जोन के जोन आयुक्त, सहायक अभियंता एवं उप अभियंताओ से हर कार्य को लेकर महापौर श्री पाल ने सीधे सवाल करते हुए निर्माण कार्य की स्थिति की जानकारी मांगी। मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा किए गए व शासन के महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित सभी कार्यो को गुणवत्तापूर्ण पूर्ण कराने के निर्देश दिए। भिलाई निगम क्षेत्र में विकास कार्यों की स्थिति को लेकर बैठक लिए जिसमें उन्होंने लक्ष्य लेकर काम करने कहा। जोन 03 व 04 क्षेत्र में चल रहे प्रमुख कार्यों पर उन्होंने विस्तार से चर्चा की और अधिकारियों से सभी कार्यों की अद्यतन जानकारी मांगी। इस दौरान स्वीकृति मिलने के बाद भी अप्रारंभ कार्यों व कई स्थानो पर कार्य में तय सीमा बीत जाने के बाद लेटलतीफी होने की जानकारी का जवाब कार्यपालन अभियंता द्वारा गोलमोल देने पर महापौर ने दो टूक कहा कि फील्ड में जाकर काम करवाएं और प्रगति दे तथा फील्ड में कार्य के स्तर में सुधार लाए। उन्होंने स्कूल, शौचालय, आंगनबाड़ी जैसे जनसुविधा वाले कार्यों को तयसीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में सभापति गिरवर बंटी साहू, एमआईसी सदस्य एवं लोक निर्माण विभाग के प्रभारी एकांश बंछोर , अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, जोन आयुक्त येशा लहरें एवं अमिताभ शर्मा एवं अभियंता डी.के. वर्मा, संजय बागड़े तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।